अर्द्धशा०परिपत्र सं० डी.जी. 23/2023

विजय कुमार, IPS
पुलिस महानिदेशक एवं
राज्य पुलिस प्रमुख, उत्तर प्रदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0
सिग्नेचर बिल्डिंग
शहीद पथ, गोमती नगर विस्तार,
लखनऊ – 226002
फोन नं.:0522–2724003 / 2390240, फैक्स नं.:0522–2724009
सीयूजी नं. 9454400101
ई–मेल : police.up@nic.in
वेबसाईट : https://uppolice.gov.in
दिनांक: जुलाई 07, 2023

विषयः प्रादेशिक जीव जन्तु कल्याण बोर्ड एवं जनपदों में गठित सोसाइटी फॉर प्रीवेन्शन ऑफ क्रूएलिटी टू एनीमल(एस0पी0सी0ए0) में समन्वय हेतु पुलिस विभाग में नोडल अधिकारी का नामांकन।

प्रिय महोदय/महोदया,

मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या–440/2000, सुश्री गीताशेषमणि बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांकित 06.08.2008 के समादर में श्री राज्यपाल उ0प्र0 द्वारा सहर्ष स्वीकृति के क्रम में उ0प्र0 शासन के पशुधन विभाग, अनुभाग–1 ने सरकारी गजट संख्याः 3152/37.1.10.11(29)2001 दिनांकित 05.07.2010 द्वारा प्रदेश में प्रादेशिक जीव जन्तु कल्याण बोर्ड (स्टेट एनीमल वेलफेयर बोर्ड) का गठन किया गया। यह 13 सदस्यीय बोर्ड मा0 पशुधन मंत्री, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित किया गया है। इस बोर्ड में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को भी सदस्य रूप में नामित किया गया है।

2. प्रदेश की भाँति जनपद स्तर पर भी पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण किये जाने हेतु सोसाइटी फॉर प्रिवेशन ऑफ क्रूएलिटी टू एनीमल (एस0पी0सी0ए0) के सम्बन्ध में सरकारी विज्ञप्ति संख्या 3152/37.1.10.11(29)2001 दिनांक 05.07.2010 द्वारा उ0प्र0 शासन के पशुधन विभाग, (अनुभाग–1) द्वारा जारी किये गये गजट के अनुसार प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है।

3. पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण किये जाने हेतु प्रदेश स्तर पर गठित प्रादेशिक जीव जन्तु कल्याण बोर्ड (एस0ए0डब्लू0बी0) एवं कमिश्नरेट/जनपदों में गठित सोसाइटी फॉर प्रीवेन्शन ऑफ क्रूएलिटी टू एनीमल(एस0पी0सी0ए0) में समन्वय हेतु कमिश्नरेट/जनपद स्तर पर पुलिस विभाग में समन्वय नोडल अधिकारी नामित किये जाने की आवश्यकता है।

4. अतः आप सभी अपने–अपने कमिश्नरेट/जनपद में नियुक्त डी0सी0पी0(क्राइम)/एस0पी0 (क्राइम) को समन्वय हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए उन्हें पशु क्रूरता सम्बन्धी शिकायतों का समाधान उक्त बोर्ड एवं सोसाइटी में आपसी समन्वय बनाकर त्वरित गति से कराये जाने हेतु निर्देशित करें।

भवदीय,

(विजय कुमार)

समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 (नाम से)
समस्त पुलिस आयुक्त, उ0प्र0 (नाम से)
समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक उ0प्र0 (नाम से)
समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 (नाम से)

<u>प्रतिलिपिः–</u>

अपर मुख्य सचिव, पशुधन विभाग/उपाध्यक्ष, राज्य पशु कल्याण बोर्ड, उ0प्र0, शासन को सूचनार्थ प्रेषित।